## <u>कैशबैक के लिए नियम और शर्तें - *एयरटेल ऐक्सिस बैंक* क्रेडिट कार्ड</u>

**परिभाषाएं:** एयरटेल ऐक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड के लिए, निम्नलिखित शर्तें, जब तक परिस्थिति के अनुसार अन्यथा अपेक्षित हो, के निम्नलिखित अर्थ होंगे:

- **कैशबैक** का मतलब कैशबैक योजना के तहत ग्राहक के क्रेडिट कार्ड खाते में जमा किए गए पैसे।
- **पसंदीदा व्यापारियों** में कुछ ऐसे व्यापारी शामिल होंगे जिन पर **10%** कैशबैक प्राप्त हो सकता है। ये व्यापारी बैंक के निर्णय अनुसार बदल सकते हैं।
- कैशबैक, निचे दिए टेबल के अनुसार जमा किया जाएगा:

| **निम्नलिखित पे किया गया खर्च** | **कैशबैक** |
|---|---|
| एयरटेल थैंक्स ऐप द्वारा एयरटेल मोबाइल, ब्रॉडबैंड, वाईफाई और डीटीएच बिल का भुगतान* | 25% |
| एयरटेल थैंक्स ऐप द्वारा यूटिलिटीज़ बिल भुगतान का जैसे गैस, बिजली, आदि।** | 10% |
| पसंदीदा व्यापारी*** | 10% |
| अन्य सभी व्यापारी/अन्य खर्च | 1% |

*प्रति महीने 300 रुपये तक सीमित

** प्रति महीने 300 रुपये तक सीमित

*** कैशबैक, पसंदीदा व्यापारियों से खरीदी करने पर लागू होगा - स्विगी, ज़ोमैटो और बिगबास्केट। सभी व्यापारियों के लिए कुल कैशबैक 500 रुपये प्रति महीने है। पसंदीदा व्यापारी और उनके संबंधित ऑफ़र बिना किसी पूर्व सूचना के समय-समय पर परिवर्तन के अधीन हैं।

- कार्ड द्वारा किए गए निम्नलिखित खर्च/लेनदेन के लिए कैशबैक लागू नहीं होगा,
  - ईंधन पर किया गया खर्च
  - ईएमआई लेनदेन
  - खरीदारी हो जाने पर उसे ईएमआई में बदलने पर
  - वॉलेट लोडिंग लेनदेन
  - आभूषणों की खरीदी पर
  - नकद अग्रिम (केश एड्वाँसिस)
  - बकाया राशि का भुगतान
  - कार्ड के शुल्क और कार्ड के अन्य शुल्क का भुगतान
  - किराये का भुगतान

**उदाहरण के लिए**, यदि ग्राहक रु. 30,000 एक बिलिंग चक्र में, निम्नलिखित हिस्सों में खर्च करता है

i) एयरटेल थैंक्स ऐप से रिचार्ज: रु. 2,500 ii) एयरटेल थैंक्स ऐप यूटिलिटीज़ बिल का भुगतान:

रु. 2,500 iii) स्विगी, ज़ोमैटो और बिगबास्केट: रु. 5,000 iv) अन्य खर्च: रु. 20,000

- इनमे से "अन्य खर्च" में से, रु. 10,000 ईएमआई पर ख़रीदी गई कोई चीज़ थी।
- इस प्रकार, कैशबैक केवल रु. 2,500+ रु. 2,500 + रु. 5,000 + {रु. 20,000 - रु. 10,000 (ईएमआई लेनदेन)} रु. 10,000 = रु. 20,000 के कुल खर्च के लिए लागू होगा
- उदाहरण के तौर पर बिलिंग चक्र के लिए कैशबैक की गणना निम्नानुसार की जाएगी:

रु. 2,500 का 25% = रु. 625 (चूंकि इस पर प्रति महीने 300 रुपये का कैशबैक दिया जाता है, पात्र कैशबैक 300 रुपये होगा)

रु. 2,500 का 10% = रु. 250

रु. 5,000 का 10% = रु. 500

रु. 10,000 का 1% = रु. 100
इस प्रकार, उदाहरण के लिए कुल कैशबैक रु. 300+250+500+100 = रु. 1,150 होगा।

- 25% और 10% श्रेणियों (त्वरित कैशबैक) के कैशबैक की गणना संबंधित व्यापारियों द्वारा साझा की गई मर्चेंट आईडी (एमआईडी) के आधार पर की जाएगी। अगर इनमें से किसी भी व्यापारी द्वारा लेनदेन करने पर त्वरित कैशबैक नहीं मिलता है तो ऐक्सिस बैंक इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगी।
- क्रेडिट कार्ड खाते में प्राप्त गैर-ग्राहक द्वारा शुरू किए गए भुगतान/जमा, जैसे मर्चेंट रिफंड/कैशबैक/चार्ज रिवर्सल आदि को कार्ड की बकाया राशि का भुगतान नहीं माना जाएगा। हालांकि, इस तरह जमा की गई राशि को बाद के महीने की बकाया राशि की गणना करने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।
- मौजूदा बिलिंग चक्र के दौरान की गई खरीदारी के लिए प्राप्त किया गया कैशबैक, अगले बिलिंग चक्र में विवरण उत्पन्न होने की तारीख से 3 दिन पहले जमा किया जाएगा यानी अगर विवरण की तारीख 12 मार्च है, तो फरवरी महीने के चक्र में अर्जित कैशबैक (13 जनवरी -12 फरवरी) 9 मार्च को जमा किया जाएगा।

<table>
<tr><td colspan="4">विवरण अवधि: दिए हुए महीने की 13 तारीख से अगले महीने की 12 तारीख तक कैशबैक</td></tr>
<tr><td rowspan="3">जमा किया गया कैशबैक</td><td>10 तारीख को एयरटेल थैंक्स ऐप के जरिए यूटिलिटी बिल का भुगतान</td><td>रु.1000</td><td>डेबिट</td></tr>
<tr><td>12 जनवरी की विवरण तारीख के साथ जनवरी चक्र में अर्जित कैशबैक</td><td>रु.100</td><td></td></tr>
<tr><td>अगले विवरण की तारीख से 3 दिन पहले, यानी 9 फरवरी को जमा किया गया कैशबैक</td><td>रु.100</td><td>क्रेडिट</td></tr>
</table>

- अर्जित कैशबैक की गणना, विवरण अवधि के दौरान किए गए खर्च में से उसी अवधि के दौरान किसी भी रिटर्न या रिफंड को घटाकर जो राशि बचेगी, उसके आधार पर की जाएगी।
- यदि विवरण उत्पन्न होने की तारीख के बाद खरीद/लेन-देन, वापस/रद्द/रिवर्स कर दिया जाता है, तो ऐसे लेनदेन के लिए कैशबैक ऐसी खरीद/लेनदेन रिवर्स होने की तारीख पर डेबिट किया जाएगा।

- यदि लेनदेन को बाद की तारीख पर ईएमआई में बदल दिया जाता है, तो ऐसे लेनदेन पर अर्जित कैशबैक, ईएमआई रूपांतरण के समान बिलिंग चक्र के दौरान रिवर्स कर दिया जाएगा
- बिलिंग चक्र के दौरान अर्जित/रिवर्स किया गया कैशबैक मासिक क्रेडिट कार्ड बिलिंग विवरण में दिखाई देगा।
- यदि ग्राहक द्वारा किसी लेन-देन को रिवर्स किया जाता है, तो लेनदेन पर अर्जित संबंधित कैशबैक को भी रिवर्स कर दिया जाएगा और यदि ग्राहक के पास क्रेडिट कार्ड पर रिवर्स कैशबैक के रूप में बकाया राशि उपलब्ध है, तो उसे एक साधारण बकाया राशि के रूप में माना जाएगा और ग्राहक ऐसी बकाया राशि के भुगतान के लिए उत्तरदायी होगा, ऐसा न करने पर, सबसे महत्वपूर्ण नियम और शर्तों में परिभाषित शुल्कों की अनुसूची के अनुसार उक्त राशि पर शुल्क और प्रभार चुकाना पड़ेगा।
- कैशबैक, निम्नलिखित प्रकार से सिमित है:
    - एयरटेल थैंक्स ऐप द्वारा एयरटेल मोबाइल, ब्रॉडबैंड, वाईफाई और डीटीएच बिल के भुगतान पर 25% कैशबैक के लिए, सिमा रु. 300 प्रति महीने है।
    - एयरटेल थैंक्स ऐप द्वारा यूटिलिटी बिल के भुगतान जैसे गैस, बिजली आदि पर 10% कैशबैक के लिए, सिमा रु. 300 प्रति महीने है।
    - पसंदीदा व्यापारियों पर 10% कैशबैक के लिए, रु. 500 रुपये प्रति महीने (सभी व्यापारियों के लिए संयुक्त) की सीमा तय की गई है।
    - अन्य खर्चों पर 1% कैशबैक के लिए कोई सीमा नहीं है।
- यदि किसी कार्डधारक का एयरटेल ऐक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड किसी भी समय, किसी भी कारण से बंद कर दिया जाता है, चाहे प्राथमिक कार्डधारक या बैंक द्वारा किया गया हो, तब प्राथमिक कार्डधारक को तुरंत कैशबैक मिलना बंद हो जाएगा और अर्जित किया गया सभी अनुपयुक्त कैशबैक, एयरटेल ऐक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड के स्वैच्छिक या अनैच्छिक रद्दीकरण के तुरंत बाद स्वचालित रूप से वापस ले लिया जाएगा।
- कार्डधारक के खाते में कैशबैक लंबित क्रेडिट सहित कोई भी शेष कैशबैक निम्नलिखित परिस्थितियों के उत्पन्न होने पर तुरंत मान्य नहीं होगा:
    - एयरटेल ऐक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड के रद्द होने पर; या
    - एयरटेल ऐक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड के रद्द होने पर; या
    - एयरटेल ऐक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड का किसी अन्य ऐक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड में रूपांतरण होने पर
    - डिफॉल्ट की स्थिति में यानी यदि भुगतान की देय तारीख तक न्यूनतम देय राशि का भुगतान नहीं किया जाता है या
    - कार्ड सदस्य समझौते की किसी भी कलम का उल्लंघन होने पर

और ऐक्सिस बैंक द्वारा कोई रिफंड, एक्सटेंशन या मुआवजा नहीं दिया जाएगा, भले ही कार्ड सदस्य की सदस्यता को दोबारा जारी किया गया हो।

- क्रेडिट कार्ड केवल व्यक्तिगत खर्चों और उद्देश्यों के लिए जारी किया जाता है। कार्डधारक को वाणिज्यिक या व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए फिर से बेचने के लिए कुछ भी खरीदने के लिए क्रेडिट कार्ड का उपयोग नहीं करना चाहिए। क्रेडिट कार्ड का उपयोग केवल वैध, वास्तविक व्यक्तिगत उद्देश्यों के लिए किया जाना चाहिए और काले धन को वैध बनाने,

असामाजिक या सट्टा खेलने के लिए उपयोग नहीं किया जाना चाहिए या व्यवसाय में गलत तरीके से (उदाहरण के लिए कार्यकारी पूंजी संबंधित उद्देश्यों के लिए) इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।

- यदि क्रेडिट कार्ड का उपयोग निषिद्ध, प्रतिबंधित, वाणिज्यिक उद्देश्यों या ऊपर उल्लिखित किसी भी उद्देश्य के लिए किया जाता है, तो ऐक्सिस बैंक अपने विवेकाधिकार द्वारा संबंधित क्रेडिट कार्ड और उसके अतिरिक्त/ऐड-ऑन कार्ड को रद्द करने के अपने अधिकार का उपयोग कर सकती है और कार्डधारक को बिना कोई सुचना दिए, अर्जित कैशबैक को रोक/रद्द कर सकती है। ऐक्सिस बैंक आपसे फोन पर या औपचारिक संचार के किसी अन्य माध्यम से क्रेडिट कार्ड लेनदेन, उपयोग के तरीके आदि के बारे में जानकारी, माहिती, प्रमाण आदि के बारे में पूछताछ कर सकती है। कार्डधारक से असंतोषजनक जवाब या कोई भी जवाब न मिलने पर ऐक्सिस बैंक, क्रेडिट कार्ड को ब्लॉक/बंद कर सकती है।
- किसी भी व्यापारी के पास, कार्ड का उपयोग बैंक द्वारा प्रत्येक कार्ड खाते को दी गई क्रेडिट सीमा तक सीमित होगा।
- बैंक, किसी भी समय, बिना किसी पूर्व सूचना के या कोई भी कारण बताए बिना, किसी भी व्यापारी के पास, कार्ड द्वारा भुगतान को अस्वीकार कर सकती है और/या कार्ड सदस्य का कार्ड को उपयोग करना प्रतिबंधित या स्थगित कर सकती है और/या कार्ड को निलंबित या रद्द कर सकती है। यदि बैंक को उचित रूप से लगता है कि क्रेडिट या व्यावसायिक जोखिम के उचित प्रबंधन के लिए या यदि कार्ड या कार्ड खाते का दुरुपयोग किया जा रहा है या दुरुपयोग होने की संभावना है, तो बैंक, एटीएम, व्यापारी के माध्यम से क्रेडिट कार्ड को वापस ले सकती है / रख सकती है।
- कैशबैक प्रस्ताव में शामिल कोई भी तथ्य, ऐक्सिस बैंक या भाग लेने वाले किसी भी व्यापारी भागिदार पर योजना समाप्ति की तारीख के बाद, कैशबैक योजना को जारी रखने या कैशबैक योजना को एक नई या समान योजना द्वारा प्रतिस्थापित करने के लिए बाध्यकारी ज़िम्मेदारी के रूप में नहीं माना जाएगा।
- बैंक किसी भी ग्राहक को कैशबैक अर्जित करने या कार्यक्रम की किसी भी सेवा का उपयोग करने से अस्थायी रूप से प्रतिबंधित कर सकती है।
- वे ग्राहक जो अपने ईएमआई लेनदेन को रद्द करना चाहते हैं, वे इसके लिए ऐक्सिस बैंक ग्राहक सेवा को 18604195555/18605005555 पर फोन कर सकते है।
- ग्राहक/बैंक द्वारा रद्द किए गए ईएमआई लेनदेन के लिए, उस संबंधित चक्र के लिए ग्राहक के विवरण में कैशबैक दो बार डेबिट हो सकता है, ग्राहक को ऐक्सिस बैंक की ग्राहक सेवा को फोन करके, कैशबैक गलत तरीके से तारीख के साथ डेबिट किया गया है, यह बताकर, उसी के सुधार के लिए लेनदेन की राशि को बदलने के लिए एक सेवा अनुरोध करना होगा।
- चूंकि ईएमआई लेनदेन पर कोई कैशबैक नहीं मिलता, एक बार लेनदेन को ईएमआई में बदलने के बाद, ग्राहक को ईएमआई के पुरोबंध का विकल्प चुनने और उस पर पूरी राशि का भुगतान करने के बाद भी लेनदेन पर कोई कैशबैक नहीं मिलेगा।
- जो ग्राहक अपने ईएमआई लेनदेन को पुरोबंध करना चाहते हैं, उन्हें ऐक्सिस बैंक कस्टमर

केयर को फोन करके, इसके लिए अनुरोध करना होगा।

- प्रत्येक व्यक्तिगत लेनदेन के लिए, कैशबैक को नज़दीकी रुपये में पूर्णांकित किया जाएगा। उदाहरण के लिए, यदि रु. 1540 के लेनदेन के लिए, ग्राहक 1% के कैशबैक के लिए पात्र है यानी 1540* 1%= रु. 15.4 तो उस व्यक्तिगत लेनदेन के लिए ग्राहक के खाते में रु. 15 जमा किए जाएंगे।
- निम्नलिखित एमसीसी को कैशबैक पात्रता (ईंधन, वॉलेट लोड और आभूषण, किराये के भुगतान संबंधित लेनदेन के लिए) से अपवर्जित रखा गया है: 6012, 6051, 5541, 5983, 5542, 5944, 6011, 6540, 6513।
- दस्तावेज़ में उल्लिखित नियमों और शर्तों में, 30 दिनों की पूर्व सूचना के साथ किसी भी समय बदलाव किया जा सकता है या उन्हें लागू होने से किया जा सकता है।
- यदि कार्ड वापस ले लिया गया है या रद्द कर दिया गया है या रद्द किया जाने वाला है या कार्ड सदस्य का खाता एक डिफ़ॉल्ट खाता है तो कैशबैक लागू नहीं होगा।
- ऐक्सिस बैंक द्वारा निर्धारित कैशबैक की राशि, सदस्य के लिए अंतिम, निर्णायक और बाध्यकारी होगी और उस पर कोई विवाद या पूछताछ नहीं की जाएगी।
- इस दस्तावेज़ में उल्लेखित शर्तें सबसे महत्वपूर्ण नियम और शर्तों के दस्तावेज़ से ज़्यादा होंगी और उनका अनादर नहीं करेंगी।
- कैशबैक का प्रस्ताव, ऐक्सिस बैंक की इच्छा पर उपलब्ध कराया गया है और ऐक्सिस बैंक स्पष्ट रूप से किसी भी समय और कार्ड के सदस्यों को सूचित करने के साथ, इन सभी या इनमें से किसी भी शर्तों में अधिक शर्तें जोड़ने और/या बदलने, संशोधित करने, बदलने या परिवर्तन करने और कैशबैक योजना को पूरी तरह या आंशिक रूप से किसी अन्य योजना से बदलने या इसे पूरी तरह से अमान्य करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।
- नियम और शर्तों में उल्लेखित किसी भी तथ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, कैशबैक योजना के परिणामस्वरूप या इसके संबंध में या अन्यथा संबंधित सभी विवाद, यदि कोई हों, मुंबई के सक्षम न्यायालयों / अधिकरण के अनन्य क्षेत्राधिकार के अधीन होंगे।